# दिल्ली पब्लिक स्कूल, विन्ध्यनगर

## प्री–बोर्ड परीक्षा (2020–2021)

### विषय–हिन्दी

### कक्षा–10

**समय – 2 घंटे** **पूर्णांक – 40**

सामान्य निर्देशः

- **इस प्रश्न–पत्र में दो खंड हैं– खंड– 'अ' और खंड– 'ब'।**
- **खंड 'अ' में कुल 9 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में उपप्रश्न दिये गए हैं । दिये गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के ही उत्तर दीजिए।**
- **खंड 'ब' में कुल 8 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं। दिये गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खण्ड–'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्रश्नः–1 निम्न अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिएः– (1 + 1 + 0.5 = 2.5)**

*मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म मैसूर (जो अब कर्नाटक में है) के मुद्देनाहल्ली नामक स्थान पर 15 सितंबर 1861 को हुआ था। उनके पिता वैद्य थे। वर्षों पहले उनके पूर्वज आंध्रा प्रदेश के मोक्षगुंडम से यहाँ आए और मैसूर में बस गए थे। दो वर्ष की आयु से ही उनका परिचय रामायण, महाभारत और पंचतंत्र की कहानियों से हो गया था। ये कहानियाँ हर रात घर की वृद्ध महिलाएँ उन्हें सुनाती थीं। कहानियाँ शिक्षाप्रद व मनोरंजक थीं। इन कहानियों से विश्वेश्वरैया ने ईमानदारी, दया और अनुशासन जैसे मूल मानवीय मूल्यों को आत्मसात किया। विश्वेश्वरैया चिक्बल्लापुर के मिडिल व हाईस्कूल में पढ़े। जब उन्हें 'गॉड सेव द किंग'* ***(ईश्वर राजा को सुरक्षित रखे)*** *वाला गीत गाने को कहा गया तो उन्हें पता चला कि भारत एक ब्रिटिश उपनिवेश है, अपने मामलों में भी भारतीयों को कुछ कहने का अधिकार न था। भारत की अधिकांश संपत्ति विदेशियों ने हड़प ली थी।*

(क) विश्वेश्वरैया का जन्म कहाँ हुआ था?
(अ) मैसूर में। (ब) मोक्षगुंडम में।
(स) मुद्देनाहल्ली में। (द) अलीगढ़ में।

(ख) उनके पूर्वज किस राज्य के निवासी थे?
(अ) उड़ीसा (ब) आंध्रा प्रदेश
(स) केरल (द) कर्नाटक

(ग) बाल्यकाल की किन कहानियों ने बालक विश्वेश्वरैया के हृदय पर अपनी छाप छोड़ी?
(अ) रामायण (ब) महाभारत
(स) पंचतंत्र (द) उपरोक्त सभी।

**प्रश्नः–2 निम्न अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिएः– (1 + 1 + 0.5 = 2.5)**

*पोंगल के दिन घर–आँगन को रंगोली से सजाते हैं। नहा–धोकर सभी लोग नए कपड़े पहनते हैं। उस दिन सब कुछ नया होता है। आँगन में अँगीठी जलाकर नए बर्तन में पोंगल पकाया जाता है। बर्तन में हल्दी का पौधा बाँध दिया जाता है। गन्ने के रस में नयी फसल का चावल पकाया जाता है। जब चावल उबलकर ऊपर उठता है तो उसमें दूध डाल देते हैं। दूध के साथ उफनता हुआ पोंगल बर्तन के ऊपर से उमड़ता है और चारों ओर रिसकर आँच में टपक पड़ता है। उस समय चारों ओर इकट्ठे लोग खुशी से नाच उठते हैं और जोश में चिल्लाते हैं– 'पोंगलो पोंगल!' उन्हें प्रसन्नता होती है कि सूर्य और अग्नि ने पोंगल का भोग स्वीकार कर लिया है। लोग अपने पास–पड़ोस में पोंगल बाँटते हैं। उसके बाद मित्र और सगे–संबंधी सब मिलकर बढ़िया भोजन करते हैं। पोंगल के दिन हर तमिल भाषी, चाहे वह भारत के किसी कोने में रहता हो अपने घर पहुँचने की कोशिश करता है। विवाहित–लड़कियाँ पोंगल मनाने अपने मायके आती हैं।*

(क) पोंगल के दिन घर–आँगन को किससे सजाते हैं?
(अ) रंगों से। (ब) दीपकों से।
(स) रंगोली से। (द) उपरोक्त सभी से।

(ख) नयी फसल के चावल को किसमें पकाया जाता है?
(अ) पानी में। (ब) दूध में।
(स) गन्ने में। (द) हल्दी में।

(ग) पोंगल का भोग किसके द्वारा स्वीकार किया जाता है?
(अ) सूर्य और चंद्रमा द्वारा। (ब) सूर्य और तारों द्वारा।
(स) चंद्रमा और अग्नि द्वारा। (द) सूर्य और अग्नि द्वारा।

**(व्यावहारिक व्याकरण)**

**प्रश्नः– 3 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का सही विकल्प चुनते हुए उत्तर दीजिएः–** **(2)**

**(क) पद के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सत्य है–**

(i) पद और शब्द स्वतंत्र इकाई हैं। (ii) शब्द के मेल से पद का निर्माण होता है।
(iii) वाक्य में प्रयुक्त शब्द पद कहलाता है। (iv) पद के रूप में शब्द आ जाता है।

**(ख) मेरा छोटा भाई दिल्ली जा रहा है। रेखांकित पदबंध का उचित भेद है–**

(i) क्रियाविशेषण पदबंध (ii) संज्ञा पदबंध
(iii) सर्वनाम पदबंध (iv) विशेषण पदबंध

**(ग) अरुणिमा धीरे–धीरे चलते हुए वहाँ जा पहुँची। रेखांकित पदबंध का उचित भेद है–**

(i) विशेषण पदबंध (ii) संज्ञा पदबंध
(iii) सर्वनाम पदबंध (iv) क्रियाविशेषण पदबंध

**प्रश्नः– 4 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का सही विकल्प चुनते हुए उत्तर दीजिएः–** **(2)**

**(क) यदि वर्षा न होती तो मैच अवश्य खेला जाता। रचना की दृष्टि से वाक्य का सही भेद है–**

(i) सरल (ii) संयुक्त
(iii) मिश्रित (iv) इच्छावाचक

**(ख) मैंने रोहन को जगाया और खेलने चले गए। रचना की दृष्टि से वाक्य का सही भेद है–**

(i) मिश्रित (ii) सरल
(iii) निश्चयवाचक (iv) संयुक्त

**(ग) जिस वाक्य में एक कर्ता तथा एक क्रिया होती है, वह कहलाता है–**

(i) सरल वाक्य (ii) संयुक्त वाक्य
(iii) मिश्रित वाक्य (iv) समूहवाचक वाक्य

**प्रश्नः– 5 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का सही विकल्प चुनते हुए उत्तर दीजिएः–** **(2)**

**(क) 'नीलाम्बर' समस्तपद में कौन सा समास है?–**

(i) बहुव्रीहि (ii) कर्मधारय
(iii) अव्ययीभाव (iv) द्विगु

**(ख) 'वीणापाणि' समस्तपद का उचित विग्रह है–**

(i) वीणा की पाणि (ii) पाणि की वीणा
(iii) वीणा और पाणि (iv) वीणा है हाथ में जिनके अर्थात् सरस्वती

**(ग) 'परम है जो औषध' का उचित समस्तपद है–**

(i) महौषध (ii) परमौषध
(iii) परमाऔषध (iv) महाऔषध

**प्रश्नः– 6 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का सही विकल्प चुनते हुए उत्तर दीजिएः–** **(2)**

**(क) दुःखी सुदामा को द्वारिका आया देख श्रीकृष्ण ने उन्हें .................. ।– उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

(i) ईद का चाँद बनाया। (ii) तारे तोड़कर ला दिये।
(iii) आसमान पर चढ़ा दिया। (iv) सिर आँखों पर बिठाया।

**(ख) अवसरवादी व्यक्ति हमेशा अपना उल्लू सीधा करने का प्रयत्न करता है। रेखांकित मुहावरे का उचित अर्थ है–**

(i) लोक व्यवहार के विरुद्ध (ii) स्वार्थपूर्ति
(iii) विश्वासघात (iv) बात बदलना

**(ग) परीक्षा में सफलता के लिए मोहन ने ............................ दिया ।– उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

(i) एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना (ii) लोहे के चने चबाना
(iii) जान पर खेलना (iv) तारे तोड़ कर लाना

**(पाठ्य–पुस्तक)**

**प्रश्नः–7 निम्न पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिएः–** **(1 + 1 = 2)**

*राह कुर्बानियों की न वीरान हो*
*तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले*

*फ़तह का जश्न इस जश्न के बाद है*
*ज़िंदगी मौत से मिल रही है गले*
*बाँध लो अपने सर से कफ़न साथियो*
*खींच दो अपने ख़ूँ से ज़मीं पर लकीर*
*इस तरफ़ आने पाए न रावन कोई*
*तोड़ दो हाथ अगर हाथ उठने लगे*
*छू न पाए सीता का दामन कोई*
*राम भी तुम, तुम्हीं लक्ष्मण साथियो*
*अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो।*

(1) नए काफ़िले सजाने से कवि का क्या तात्पर्य है?–

(क) रथयात्रा निकालना (ख) देश के लिए बलिदान देना
(ग) घुड़सवारी करना (घ) यात्रा पर निकल पड़ना

(2) उपरोक्त पंक्तियों में 'रावण' शब्द निम्न में से किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?–

(क) रामायण के पात्र के लिए (ख) रामलीला के पात्र के लिए
(ग) शत्रु सैनिकों के लिए (घ) महाभारत के पात्र के लिए

**प्रश्नः–8 निम्न गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिएः– (1 + 1 + 0.5 = 2.5)**

*कई सालों से बड़े–बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल कर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे। बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था। पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया...जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है, और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाज़ों को उठाकर बच्चों की गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया। एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आकर गिरा, दूसरा बांद्रा में कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट–वे–ऑफ़ इंडिया पर टूट फूटकर सैलानियों का नज़ारा बना बावजूद कोशिश, वे फिर से चलने–फिरने के काबिल नहीं हो सके।*

**(क) गद्यांश में समंदर के गुस्से की क्या वजह बताई गई है?–**

(i) समंदर में तूफ़ान आ गया था। (ii) बिल्डर समंदर की ज़मीन कब्ज़ाते जा रहे थे।
(iii) समंदर में ज्वार–भाटा आ गया था। (iv) समंदर में पानी की मात्रा अधिक हो गई थी।

**(ख) समंदर ने जहाज़ों को कहाँ–कहाँ फेंक दिया?–**

(i) बांद्रा में कार्टर रोड के सामने (ii) जूहू के समंदर के किनारे
(iii) गेट–वे–ऑफ इंडिया पर (iv) केवल विकल्प (i) तथा (iii) सही हैं।

**(ग) निम्न शब्दों में से कौन सा 'समंदर' का पर्यायवाची नहीं है?–**

(i) उदधि (ii) जलधि
(iii) जलद (iv) वारिधि

**प्रश्नः–9 निम्न गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उचित विकल्प का चयन कर उत्तर दीजिएः– (1 + 1 + 0.5 = 2.5)**

*इतिहास में रावण का हाल तो पढ़ा ही होगा। उसके चरित्र से तुमने कौन–सा उपदेश लिया? या यों ही पढ़ गए? महज़ इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास। जो कुछ पढ़ो, उसका अभिप्राय समझो। रावण भूमंडल का स्वामी था। ऐसे राजाओं को चक्रवर्ती कहते हैं। आजकल अंग्रेज़ों के राज्य का विस्तार बहुत बढ़ा हुआ है, पर इन्हें चक्रवर्ती नहीं कह सकते। संसार में अनेक राष्ट्र अंग्रेज़ों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते, बिलकुल स्वाधीन हैं। रावण चक्रवर्ती राजा था, संसार के सभी महीप उसे कर देते थे। बड़े–बड़े देवता उसकी गुलामी करते थे। आग और पानी के देवता भी उसके दास थे, मगर उसका अंत क्या हुआ? घमंड ने उसका नाम–निशान तक मिटा दिया, कोई उसे एक चुल्लू पानी देने वाला भी न बचा। आदमी और जो कुकर्म चाहे करे, पर अभिमान न करे, इतराये नहीं। अभिमान किया और दीन–दुनिया दोनों से गया।*

**(क) बड़े भाईसाहब ने शिक्षा का असली तत्व किसे माना है?–**

(i) इम्तिहान पास कर लेने को (ii) पाठों को रट कर याद कर लेने को
(iii) हर समय पढ़ते रहने को (iv) बुद्धि के विकास को

**(ख) निम्न में से रावण को चक्रवर्ती मानने का उचित कारण क्या बताया गया है?–**

(i) देवताओं का उसके अधीन होना (ii) महीप द्वारा उसे कर देना
(iii) केवल विकल्प (ii) सही है (iv) विकल्प (i) तथा (ii), दोनों सही हैं।

**(ग) निम्न में से कौन सा शब्द 'महीप' का पर्यायवाची नहीं है?–**

(i) नरेन्द्र (ii) इन्द्र
(iii) भूपति (iv) सम्राट

## खण्ड–'ब' (वर्णनात्मक प्रश्नः पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)

**प्रश्नः–10 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिएः–** **(2)**

(क) सवार के जाने के बाद कर्नल हक्का–बक्का क्यों रह गया?

(ख) चाज़ीन ने कौन सी क्रियाएँ गरिमापूर्ण ढंग से पूरी कीं?

(ग) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कबीर ने क्या उपाय सुझाया है?

**प्रश्नः–11 निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में लिखिएः–** **(2)**

***'पर्वत प्रदेश में पावस'*** कविता में ***'मेखलाकार'*** शब्द का क्या अर्थ है? कवि ने इस शब्द का प्रयोग कविता में क्यों किया है?

**प्रश्नः–12 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40–50 शब्दों में लिखिएः–** **(3)**

(क) टोपी और इफ्फन की दादी अलग–अलग मजहब और जाति के थे पर एक अनजान अटूट रिश्ते से बँधे थे। इस कथन के आलोक में अपने विचार लिखिए।

(ख) *'हरिहर काका'*– पाठ के आधार पर समाज में रिश्तों की अहमियत पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(ग) *'सपनों के से दिन'* पाठ में लेखक के अनुसार उन्हें स्कूल खुशी से भागे जाने की जगह न लगने पर भी कब और क्यों उन्हें स्कूल जाना अच्छा लगने लगा?

### (लेखन)

**प्रश्नः–13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिये गए संकेत–बिंदुओं के आधार पर लगभग 80–100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिएः–** **(3)**

(क) गाँवों का देश भारत
- भारतमाता ग्रामवासिनी
- दयनीय दशा, अभाव ग्रस्त गाँव
- गाँव का विकास ही समाधान

(ख) स्मार्ट कक्षाओं की उपयोगिता
- छात्रों की अधिक सक्रियता
- अल्प समय में अधिक जानकारी
- छात्रों पर विशेष प्रभाव

(ग) समय किसी के लिए नहीं रुकता
- समय का मूल्य
- समय की बर्बादी, स्वयं की बर्बादी
- समय–पालन सफलता का परिचायक

**प्रश्नः–14** शहरी विकास प्राधिकरण के सचिव को अपने शहर का विकास कराने हेतु एक पत्र लिखिए। **(2.5)**

**अथवा**

भारतीय स्टेट बैंक, विंध्यनगर के प्रबंधक को बैंक में अपना विद्यार्थी खाता खुलवाने का आग्रह करते हुए एक आवेदन–पत्र लिखिए।

**प्रश्नः–15** आप अपने विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव हैं और विद्यालय में कवि–सम्मेलन का आयोजन करा रहे हैं। विद्यालय की ओर से समस्त छात्रों को इस हेतु अवगत कराने के संबंध में 30–40 शब्दों की एक सूचना तैयार कीजिए। **(2.5)**

**अथवा**

विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रातः काल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना–पट्ट के लिए एक सूचना लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए।

**प्रश्नः–16** पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग का 25–50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **(2.5)**

**अथवा**

आस्था नामक अगरबत्तियों के उत्पाद की बिक्री हेतु 25–50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**प्रश्नः–17** 'गंगा तेरा पानी अमृत' विषय पर लगभग 100–120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। **(2.5)**

**अथवा**

'लालच बुरी बला' विषय पर लगभग 100–120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए।

************************